कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांकः 11.03.2022

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में
दिव्यांगजनों के लिए कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर द्वारा दुर्ग संभाग के दिव्यांगजनों के लाभार्थ कॅरियर मार्गदर्शन, स्वरोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की उपसंचालक डॉ. शशिकला अतुलकर ने बताया कि दिव्यांगजनों को शासकीय सेवा में आरक्षण नियम, नियोजन के अवसर, अधिनियम के अनुसार प्रदत्त सुविधाएँ तथा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गयी।

राज्य नगर पालिका सेवा के डिप्टी कमिश्नर नरेन्द्र कुमार बंजारे ने इस अवसर पर कहा कि अपने कार्यों से पहचान बनती है। अच्छी सोंच और मेहनत से सफलता हासिल होती है। दिव्यांगता को भूलकर जीवन–संघर्ष में आगे बढ़ें और कार्यों से अपनी पहचान बनायें।

समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक डी.पी. ठाकुर ने विभागीय योजनाओं, नियोजन एवं सामाजिक सुरक्षा योजना, इन्द्रा गाँधी वृद्धा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, नवीन मुख्यमंत्री योजना का सविस्तार जानकारी दी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांगजनों के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही है। रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी कैसे प्राप्त करें तथा इनका लाभ कैसे उठाया जाए यह आज के समय में महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. ऋचा ठाकुर ने स्वरोजगार के अवसर का लाभ दिव्यांगजन कैसे उठाए इसकी चर्चा की।

यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने स्नेह संपदा, नयनदीप स्कूल, वृद्धा आश्रम पुलगांव से यूथ रेडक्रॉस के वालिंटियर द्वारा की जा रही नियमित गतिविधियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में बताया गया कि शासकीय सेवाओं में आरक्षण की व्यवस्था दिव्यांगजनों के लिए की गई है जिसमें अस्थि बाधित के लिए 2 प्रतिशत, मूकबधिर, दृष्टिबाधित के लिए 2–2 प्रतिशत अन्य के लिए 1 प्रतिशत के साथ कुल 7 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है।

इस अवसर पर लगभग 60 दिव्यांगजनों ने सहभागिता दी। यूथ रेडक्रॉस के वालिंटियर्स ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की कु. अनुराधा साहू भी उपस्थित थी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

दिव्यांगजनों के लिए कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित